# उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड
(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
# U.P POWER CORPORATION LIMITED
(Govt. of Uttar Pradesh Undertaking)
शक्ति भवन, 14 अशोक मार्ग, लखनऊ
CIN : U32201UP1999SGC024928


सं0–969–ज0श0 एवं प्र0सु0–01/पाकालि/2017–02–प्र0सु0/2003, दिनाँकः 28-11-2017

## कार्यालय ज्ञाप

निदेशक मण्डल, उ0 प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 द्वारा परिचालन विधि से दिनांक 24.11.2017 को लिये गये निर्णय के अनुसार कारपोरेशन में सूचना प्रौद्योगिकी (आई0 टी0) संरचना से सम्बन्धित पूर्व में निर्गत कारपोरेशन आदेश सं0 472–ज0श0 एवं प्र0सु0–01/पाकालि/2017–02–प्र0सु0/2003, दिनांक 04.07.2017 एवं अन्य सम्बन्धित समस्त आदेशों को अवक्रमित करते हुये अधीक्षण अभियन्ता (आई0टी0), अधिशासी अभियन्ताओं (आई0टी0) एवं सहायक अभियन्ताओं (आई0टी0) के पदों की संरचना (I.T. STRUCTURE) का एतद्द्वारा निम्नांकित तालिका के अनुसार निर्धारण किया जाता है :–

### तालिका

| क्र0 सं0 | उप्रपाकालि / डिस्कॉम्स / केस्को | मुख्यालय | | | | | वितरण क्षेत्र | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अधीक्षण अभियन्ता (आई0टी) | अधिशासी अभियन्ता (आई.टी.) | सहायक अभियन्ता (आई.टी.) | अधि. अभि. (आई.टी.)–डीसी/डीआर | सहा. अभि. (आई.टी.)–डीसी/डीआर | अधि.अभि. (आई.टी.) –क्षेत्र | सहा. अभि. (आई.टी.) –मण्डल |
| 1 | उप्रपाकालि | 1 | 3 | 9 | — | — | — | — |
| 2 | पश्चिमांचल | 1 | 2 | 4 | 1 | 5 | 6 | 29 |
| 3 | दक्षिणांचल | 1 | 2 | 4 | — | — | 5 | 29 |
| 4 | पूर्वांचल | 1 | 2 | 4 | — | — | 6 | 30 |
| 5 | मध्यांचल | 1 | 2 | 4 | 1 | 5 | 6 | 29 |
| 6 | केस्को | 1 | 1 | 2 | — | — | — | 2 |
| | योग | 6 | 12 | 27 | 2 | 10 | 23 | 119 |

2 उपरोक्त आई0टी0 संरचना, उ0प्र0पा0का0लि0/डिस्कॉम्स/केस्को के वाणिज्य स्कन्ध के अधीन निम्न नियन्त्रणाधिकारों के अनुसार कार्य करेगा :–

i) उ0प्र0पा0का0लि0/डिस्काम मुख्यालय स्तर पर तैनात अधीक्षण अभियन्ता (आई0टी0) – प्रशासनिक नियंत्रण, उ0प्र0पा0का0लि0/सम्बन्धित डिस्कॉम/केस्को के निदेशक (वाणिज्य) का रहेगा।

ii) वितरण क्षेत्र स्तर पर तैनात अधिशासी अभियन्ता (आई0टी0) – प्रशासनिक नियंत्रण मुख्य अभियन्ता, वितरण क्षेत्र का रहेगा, अधीक्षण अभियन्ता (आई0टी0) इनके सह–समीक्षक होंगे।

iii) वितरण मण्डल स्तर पर तैनात सहायक अभियन्ता (आई0टी0) – प्रशासनिक नियंत्रण संबंधित अधीक्षण अभियन्ता (वितरण) का, अधिशासी अभियन्ता(आई0टी0) सह–समीक्षक होगें।

क्रमशः.....2

आर.के. गुप्ता

3 आई0टी0 कार्य हेतु नियुक्त कार्मिकों की तैनाती अनन्य रूप से आई0टी0 संरचना के अनुरूप ही की जाएगी। इस पद पर कम्प्यूटर संवर्ग के C.S./I.T./A mixed discipline (युग्म) degree combined with either CS or IT डिग्री प्राप्त इंजीनियरिंग स्नातकों की तैनाती की जायेगी।

4 विशेष परिस्थितियों में आई0टी0 संरचना का विचलन करते हुए अध्यक्ष उ.प्र.पा.का.लि. के अनुमोदनोपरान्त प्रबन्ध निदेशक स्तर से आई0टी0 के अधिकारियों की अन्यत्र तैनाती की जा सकती है।

5 उपरोक्त आई.टी. संरचना में विद्युत एवं यात्रिक संवर्ग के कार्मिक भी आवश्यकतानुसार तैनात किये जा सकते है।

6 संरचना के अनुसार डिस्कॉम में पर्याप्त मात्रा में आई.टी. की विशेषज्ञ मानव संसाधन उपलब्ध न होने की दशा में कार्य विशेष हेतु आवश्यक मानव संसाधन बाह्य एजेंसियो द्वारा भी लिया जा सकता है।

7 आई0टी0 सम्बन्धी समस्त कार्यो एवं तैनाती सम्बन्धी आदेश निर्गत करने हेतु प्रबन्ध निदेशक, डिस्कॉम अथवा उ0प्र0पा0का0लि0 अधिकृत होगें।

8 डिस्कॉम मुख्यालय स्तर पर अधीक्षण अभियन्ता (आई0टी0) की तैनाती होगी तथा क्षेत्र स्तर पर अधिशासी अभियन्ता (आई0टी0) एवं मण्डल स्तर पर सहायक अभियन्ता (आई0टी0) की तैनाती होगी।

9 अधिशासी अभियन्ता (आई0टी0)/सहायक अभियन्ताओं (आई0टी0) हेतु आवश्यक कार्यालय इंफ्रास्टक्चर, डेस्कटाप, लैपटाप, फील्ड कार्य हेतु वाहन एवं आवश्यक कार्यालय स्टाफ यथा आपरेटर, चपरासी आदि की व्यवस्था नियमानुसार संबंधित डिस्कॉम/केस्को द्वारा की जायेगी।

10 आई0टी0 सम्बन्धी कार्मिकों हेतु आवश्यक सामग्री एवं मासिक व्ययों का वहन एवं प्रतिपूर्ति संबंधित प्रबन्ध निदेशक कार्यालय से सुनिश्चित की जाएगी।

11. <u>सिनर्जी ग्रुप</u>

11.1 अधीक्षण अभियन्ता (आई0टी0) (उप्रपाकालि), अधीक्षण अभियन्ता (आई0टी0) (डिस्कॉम/केस्को), अधिशासी अभियन्ता (आई0टी0) (उप्रपाकालि) तथा अधिशासी अभियन्ता (आई0टी0) (डिस्कॉम/केस्को), एक केद्रीय आई0टी0 कोर कमेटी–सिनर्जी ग्रुप के पदेन सदस्य होंगे ।

11.2 आई0टी0 कोर कमेटी–सिनर्जी ग्रुप की बैठक लखनऊ स्तर पर निदेशक (वाणिज्य) उप्रपाकालि के निर्देशन में प्रतिमाह अथवा आवश्यकता अनुसार आहूत की जायेगी जिसके माध्यम से प्रणाली–गत निर्णय हेतु संस्तुति प्राप्त की जायेगी।

3. उक्त आदेश के परिणामस्वरूप होने वाला सम्भावित व्यय भार उ0प्र0पा0का0लि0/सम्बन्धित विद्युत वितरण निगम/केस्को–कानपुर के सम्बन्धित वित्तीय वर्ष के आय व्ययक में आगणित होगा।

निदेशक मण्डल
उ0प्र0पा0का0लि0

**सं0–969 (i) ज0श0 एवं प्र0सु0–01/पाकालि/2017 तद्दिनॉक।**

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु निम्नलिखित को प्रेषित :–

1. निजी सचिव, सम्बद्ध अध्यक्ष, उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन लखनऊ।
2. निजी सचिव, सम्बद्ध प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
3. प्रबन्ध निदेशक, मध्यॉचल/पश्चिमॉचल/पूर्वांचल/दक्षिणॉचल वि0वि0नि0लि0 एवं केस्को क्रमशः लखनऊ/मेरठ/वाराणसी/आगरा एवं कानपुर।
4. निजी सचिव, संबद्ध समस्त निदेशकगण, उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन लखनऊ।

आर.के.गुप्ता

क्रमशः....3

5. समस्त मुख्य अभियन्ता (स्तर–1)/(स्तर–2), उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन लखनऊ।
6. मुख्य अभियन्ता (जल विद्युत)/उप महाप्रबन्धक (लेखा प्रशासन), उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन विस्तार/शक्ति भवन, लखनऊ।
7. अपर सचिव (प्रथम)/(द्वितीय)/(तृतीय) उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
8. समस्त महाप्रबन्धक/उपमहाप्रबन्धक (लेखा प्रशासन), उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
9. समस्त संयुक्त सचिव/उप सचिव/अनुसचिव, उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
10. कम्पनी सचिव, उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
11. लेखाधिकारी (वेतन एवं लेखा)/(आय–व्ययक)/(निधि/प्रशासन) एवं (सम्प्रेक्षा), उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
12. समस्त अधिकारी/शिविर/अनुभाग, उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
13. अधिशासी अभियन्ता (वेब), शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।

आज्ञा से,

आर.के. गुप्ता

(आर0 के0 गुप्ता)

उप सचिव (ज0श0 एवं प्र0सु0)